<u>समाचार</u>

<u>स्वच्छता ही सेवा अभियान</u>

कबाड़ से जुगाड़, ड्राईंग, निबंध, स्लोगन, वाल पेंटिंग के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

(विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं के मध्य हुई विविध स्वच्छता आधारित प्रतियोगिताएं)

(शास.साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर में सम्पन्न हुआ ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम)

कोरबा 30 सितम्बर 2024 – स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों के चयनित छात्र–छात्राओं के मध्य विविध स्वच्छता आधारित प्रतियोगिताओं का वृहद आयोजन किया गया तथा छात्र–छात्राओं ने कबाड़ से जुगाड़ माडल, ड्राईंग प्रतियोगिता, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता, वाल पेंटिंग आदि के माध्यम से छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, बी.ई.ओ. संजय अग्रवाल, प्राचार्य रणधीर सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक–अध्यापिकागण व अभिभावकगण उपस्थित थे।

शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कोरबा जिले में विगत 17 सितम्बर से स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन अनवरत रूप से किया जा रहा है।

इसके तहत स्वच्छता आधारित विविध गतिविधियॉ व कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जिसमें समाज के सभी वर्गो की सहभागिता प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में शासकीय साड़ा कन्या स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में नगर पालिक निगम व शिक्षा विभाग के तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, विभिन्न विद्यालयों के मध्य सम्पन्न हुई संकुल स्तरीय स्वच्छता आधारित विविध प्रतियोगिताओं में चयनित व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 70 छात्र–छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने कबाड से जुगाड़ माडल, ड्राईंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन व सुंदर वाल पेंटिंग के माध्यम से आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छता शपथ ग्रहण की – इस मौके पर उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावगणों, अध्यापक–

अध्यापिकाओं व अन्य उपस्थित जनों ने स्वच्छता शपथ ग्रहण की तथा गंदगी न करने तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने, स्वच्छता कार्यो हेतु श्रमदान करने, साफ–सफाई के प्रति निरंतर सजग रहने, घर गली, मोहल्ले, वार्ड एवं अपने शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग करने का संकल्प लिया तथा स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

छात्र–छात्राओं का किया उत्साहवर्धन – इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, बी.ई.ओ.संजय अग्रवाल व प्राचार्य रणधीर सिंह ने छात्र–छात्राओं द्वारा बनाए गए कबाड से जुगाड़ माडल, ड्राईंग, वाल पेंटिंग, आदि का अवलोकन किया, उनके द्वारा लिखे गए स्वच्छता आधारित निबंध, स्लोगन आदि को देखा तथा स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता व उत्साह की सराहना करते हुए छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।